## एक नजर

### गांव के तालाब में मिट्टी डालकर पाटने की कोशिश

**बदायूं।** दातागंज के ग्राम अंधरऊ में कुछ लोग तालाब में मिट्टी डाल कर उसे पाट रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की है। गांव निवासी बलबीर सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के तालाब में गांव की नालियों का पानी जाता है। पिछले कुछ दिनों से जेसीबी से तालाब को पाटा जा रहा है। तालाब को पाट कर उस पर निर्माण कराने की तैयार की जा रही है। अगर तालाब को पाट दिया गया तो गांव में जलभराव होगा। जिससे ग्रामीणों को परेशानी होगी। दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कार्य को लेकर गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मौसम बदलते ही फिर बढ़ने लगे मरीज, वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ी, बेड फुल

# सर्दी-बुखार ने पकड़ा जोर, धूप निकलते ही लापरवाह हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मौसम में अचानक आए बदलाव के चलते लोग लापरवाह होने लगे हैं। जिसके चलते सर्दी जिला अस्पताल में में जुकाम बुखार के मरीजों की लाइन लगने लगी है। वार्ड भी फुल हो रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अभी दस दिन और लोगों को संभल कर रहना होगा। बदलते मौसम से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। ठंड के बाद निकल रही तेज धूप से लोग लापरवाह होने लगे हैं। धूप के कारण गर्म कपड़े कम पहनने से मौसम के बदलाव के चलते लोग सर्दी जुकाम की गिरफ्त में आने लगे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों की ओपीडी के बाहर मरीजों की लाइन लगी थी। धूप निकलने के कारण लोगों ने कम कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं जिससे उन्हें बुखार खांसी सर्दी होने लगी है। आज करीब 70 मरीज बुखार व खांसी के आए। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एसएम कमल ने बताया कि दस दिनों तक लोगों को बहुत सावधानी से रहना होगा। बदलते मौसम में लोग कम कपड़े पहनने लगते हैं जिससे तापमान में गड़बड़ी से बीमार पड़ जाते हैं इसलिए अभी कुछ समय तक गर्म कपड़े ही पहनें और अधिक से अधिक गर्म पानी पिए। आज कल मौसम तेजी से बदल रहा है। इस मौसम में जो लोग कम कपड़े पहनते हैं वही अस्पताल आ रहे हैं आज करीब सौ मरीजों को बुखार सर्दी खांसी की शिकायत देखने को मिली है। इसी तरह अन्य ओपीडी में भी मरीज बढ़ रहे हैं। फरवरी महीने के अंतिम दिनों तक मौसम की वजह से बीमारियां फैलती हैं। इस मौसम में अक्सर जुकाम सर्दी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। लोग सावधानी नहीं बरत रहे हैं इसलिए दवाएं लेनी पड़ रही हैं।

करीब चार महीने से जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। ऐसे में बच्चों का इलाज नहीं हो पा रहा है। जो बच्चे सीएमएस डा. कप्तान सिंह के पास पहुंच जाते हैं उन्हे तो दवाएं मिल जाती है लेकिन जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ नही होने से 80 प्रतिशत बीमार बच्चों को वापस लौटना पड़ रहा है। उन्हें परेशान होकर प्राइवेट चिकित्सकों की शरण में जाना पड़ रहा है।


मरीजों को देखते डॉ. एसएम कमल। ● अमृत विचार

> पांच दिन से अस्पताल में मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। मौसम के बदलने से लोग बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। अब तक अस्पताल के महिला-पुरुष वार्ड खाली थे। अब वार्ड भरने लगे हैं। श्वांस रोगियों की तबीयत बिगड़ रही है तो उन्हें भर्ती करना पड़ रहा है। बुधवार को करीब चार दर्जन मरीजों को भर्ती किया गया है। हर रोज मरीज बढ़ रहे हैं। स्टाफ को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। – डॉ. कप्तान सिंह – सीएमएस।

### जनपद में आज से शुरू होगा राशन वितरण

**बदायूं, अमृत विचार:** जिले में 15 फरवरी (आज) से राशन की दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण शुरू होगा। जो 28 फरवरी तक किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि 15 फरवरी से राशन का वितरण सभी 1476 दुकानों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ जनपदों में नई पीओएस मशीनों के ड्राई रन के चलते इस बार खाद्यान्न वितरण में देरी हुई है। अब आदेश प्राप्त हो गया है। बताया कि जिले में 5.25 लाख से अधिक कार्ड धारकों को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक राशन वितरण किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों द्वारा

# परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुंचाएंगी अतिरिक्त रोडवेज बसें

### जिले में 17 और 18 को होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए डिपो ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार को हुई बैठक में अधिकारियों को दिए गए थे दिशा निर्देश
- जिले के 17 केंद्रों पर 34 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर रोडवेज डिपो ने कमर कस ली है। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले अभ्यर्थियों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों तक बसें चलाई जाएंगी ताकि अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिले में 17 और 18 फरवरी को परीक्षा होनी हैं।

जिसमें कई केंद्र दूरस्थ स्थानों पर बनाए गए हैं। दूर बनाए गए केंद्रों पर खास तौर पर बसों का संचालन किया जाएगा। मंगलवार को हुई बैठक में रोडवेज अधिकारियों को अतिरिक्त बसों का संचालन करने के आदेश दिए गए थे।

पुलिस भर्ती परीक्षा जिले के 17 केंद्रों पर 34 हजार से अधिक अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रशासन की ओर से आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्र देहात क्षेत्र में बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर अभ्यर्थियों को पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को हुई बैठक में रोडवेज अधिकारियों को अतिरिक्त बसों का संचालन करने के आदेश दिए गए थे। परीक्षा में बरेली, शाहजहांपुर, बुलंदशहर, कासगंज, आगरा फर्रुखाबाद सहित कई जिलों के अभ्यर्थियों की भीड़ जुटेगी। हालांकि 60 फीसदी अभ्यर्थी ऐसे भी होंगे जो निजी संसाधनों से परीक्षा देने के लिए केंद्रों पर पहुंचेगें।

लेकिन 40 फीसदी अभ्यर्थी रोडवेज या फिर अन्य वाहनों का सहारा लेगें। इन्हें आवागन में दिक्कत न होने पाए। इसको देखते हुए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा।

#### 20 25 बसें खराबी के कारण खड़ी रहती हैं वर्कशॉप में

बदायूं रोडवेज निगम के पास कुल 102 बसों का बेड़ा है। इनमें से 70 से 80 बसों का संचालन प्रतिदिन हो पाता है। करीब 20 से 25 बसें खराबी के कारण वर्कशॉप में खड़ी रहती हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

> पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों तक बसों का संचालन किया जाएगा। कुछ बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। जिससे उन्हें आवागमन में अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। – डीके चौबे, एआरएम, रोडवेज डिपो।

### मदरसा बोर्ड की परीक्षा 352 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**बदायूं।** जिले में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। जिले के नेहरू इंटर कॉलेज मुहीद्दीनपुर, सत्यवती आर्य कन्या इंटर कॉलेज करनपुर, चौधरी नियाज मोहम्मद इंटर कॉलेज भूड बिसौली, आसिम सिद्दीकी डिग्री कॉलेज तथा हाजी मुख्तार साइंस इंटर कॉलेज ककराला को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मुंशी मौलवी, कामिल फाजिल और सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा के लिए 1755 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। बुधवार को संपन्न हुई परीक्षा में 1403 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 352 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। सचल दलों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा नकल विहीन संपन्न हुई।


कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## एसटीएफ करेगी निगरानी, नकल करते पकड़े जाने पर होगी जेल

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने खुफिया तंत्र को सौंपी परीक्षा केंद्रों की सूची

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर शासन काफी गंभीर रुख अपनाए हुए है। परीक्षा में पहली बार एसटीएफ निगरानी करेगी। परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को जेल जाना पड़ सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी केंद्रों की सूची खुफिया विभाग को सौंपी गई है।

22 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 64166 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिले में 99 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इनमें से 35 केंद्र संवेदनशील और अतिसंवेदनशील हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी लगाए गए हैं। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। साथ ही केंद्रों पर पुलिस भी तैनात रहेगी। इन केंद्रों की निगरानी एसटीएफ करेगी। जिसकी सूची जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्थानीय एलआइयू को भी भेज दी गई है। शासन के स्पष्ट आदेश है कि परीक्षा नकल विहीन कराई जाए। यदि किसी भी केंद्र पर नकल पकड़ी गई तो परीक्षार्थी को जेल व जिम्मेदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।

> जिले में 99 परीक्षा केंद्रों की निगरानी एसटीएफ द्वारा की जाएगी। जिसकी सूची स्थानीय खुफिया विभाग को भेज दी गई हे। यूपी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराई जाएगी। जिसके निर्देश केंद्र व्यवस्थापक और अन्य अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। – डॉ प्रवेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक।

#### नकल के लिए बदनाम रहे हैं कई केंद्र

ऐसे कई कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। जो पूर्व में नकल के लिए बदनाम रहे हैं। इनमें नगर पालिका इंटर कॉलेज, ककराला, गौरी शंकर इंटर कॉलेज बगरैन, रानी अवंतीबाई लश्करपुर ओईया सहित एक दर्जन से अधिक ऐसे कॉलेज परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जो नकल कराने के लिए बदनाम रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है।

## महापुरुषों की स्मृति मिटने नहीं देगी भाजपा


महाराजा सुहेलदेव की जयंती मनाते विधायक हरीश शाक्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपाइयों ने मनाई महाराजा सुहेलदेव की जयंती

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को श्रावस्ती के सम्राट व वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व बिल्सी विधायक हरीश शाक्य के कैंप कार्यालय व भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने उनके चित्र पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया।

विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि भाजपा उन महापुरुषों की स्मृति मिटने नहीं देगी, जिन्होंने भारत की रक्षा-सुरक्षा और सामाजिक जीवन को ऊपर उठाने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराज सुहेलदेव पर पांच रुपये मूल्य का डाक टिकट जारी कर उनको सम्मान देने का कार्य किया है। मां भारती के सम्मान के लिए संघर्ष करने वाले महाराज सुहेलदेव का स्मरण आज पार्टी के कार्यकर्ता देश भर में कर रहे हैं। जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर दिवाकर वर्मा, राजू प्रजापति, अचल शर्मा, अरुण पटेल, नरेंद्र शर्मा, पीयूष साहू, देवेन्द्र वर्मा और सचिन वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छह कुष्ठ रोगी मिले, अब संख्या बढ़कर हुई 197

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला कुष्ठ परामर्शदाता बोले, जनपद में समय-समय पर चलाया जाता है अभियान


जिला कुष्ठपरामर्शदाता डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता

**अमृत विचार:** जनपद में कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़े के तहत बुधवार को स्कूल-कॉलेजों में जागरुकता गोष्ठियां की गई। जागरुकता पखवाड़े में जनपद में छह रोगियों की पहचान की गई है। जिनका उपचार भी शुरू कर दिया गया है। विकलांग कुष्ठ रोगियों को सरकार तीन हजार रुपये महीना पेंशन देती हैं।

शासन के निर्देश पर कुष्ठ रोग विभाग की ओर से जनपद में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक हुए कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़ा के तहत शहर से लेकर देहात तक स्कूल कॉलेजों में गोष्ठियां हुई। छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग की पहचान बताई गई। बताया गया कि अब कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है। इसका सफल उपचार किया जा रहा है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि कुष्ठ रोग से घबराएं नहीं। यदि इसके लक्षण दिखाई दें तो जांच कराएं और उपचार शुरू कराएं। सरकार द्वारा निःशुल्क जांच व दवाओं की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में कुल 191 कुष्ठ रोगी थे। अभियान के दौरान जिले में छह नए कुष्ठ रोगियों की पहचान की गई। अब इनकी संख्या 197 हो गई है। रोग की जांच सीएमओ कार्यालय में की जाती है। रोग के प्रति जागरुकता अभियान समय-समय पर चलाया जाता है।

## व्यवस्थाओं में सुधार नहीं, एडी हेल्थ ने लगाई सीएमओ को फटकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- समीक्षा बैठक में ली गई विभिन्न मदों में मिलने वाली धनराशि की जानकारी


समीक्षा बैठक में मौजूद एडी हेल्थ पुष्पा पंत एवं अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न मदों में दी गई धनराशि की जानकारी लेने बुधवार को एडी हेल्थ टीम के साथ जिले में पहुंची। उन्होंने सेवाओं में सुधार न मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों की फटकार लगाई।

बुधवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एडी हेल्थ पुष्पा पंत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए कई बार चेतावनी दी जा चुकी है फिर भी शिकायतें मिल रही हैं। समय पर चिकित्सक नहीं पहुंच रहे हैं। अव्यवस्थाओं पर उन्होंने सीएमओ को फटकार लगाते हुए कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार धन खर्च कर रही है उसी हिसाब से काम किया जाना चाहिए। बैठक में शासन की ओर से दो सदस्यीय टीम ने भी हिस्सा लिया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न मदों में दी गई धनराशि किस मद की शेष है, उसको खर्च क्यों नहीं किया गया आदि की जानकारी ली। इसका सभी एमओआईसी से हिसाब मांगा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि जनपद में पिछले वर्ष मार्च से अब तक करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये मिला। जिसमें से पचास प्रतिशत धनराशि खर्च हो सकी है। जबकि पचास प्रतिशत धनराशि अवशेष है। लखनऊ से आए कंसलटेंट स्वास्थ्य विशंभर दायल, फाइनेंस मैनेजर विनय शर्मा, मंडलीय परियोजना प्रबंधक शाहिद हुसैन एवं अकाउंट ऑफिसर डीडी जोशी ने स्वास्थ्य विभाग से बिंदु पर हिसाब मांगा। नोडल अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने धनराशि का उपयोग किन कारणों से नही हो सका इसकी जानकारी मांगी। इस मौके पर प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान, एसीएमओ डा. सनोज मिश्रा, सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### निक्षय दिवस आजः फाइलेरिया और कुष्ठ रोगियों को खोजने का चलेगा अभियान

**बदायूं।** भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाता है। इस बार भी टीबी की बीमारी के साथ-साथ फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार के संभावित मरीजों को भी खोजा जाएगा। ज़िला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि 15 फरवरी को निक्षय दिवस मनाया जाएगा। इस दिवस का उद्देश्य टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्ता पूर्ण इलाज और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस कार्यक्रम में फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार को भी जोड़ा गया है इन बीमारियों के मरीजों की स्क्रीनिंग करके उन्हें भी खोजा जाएगा। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के लक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी। ज़िला क्षय रोग अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया की 15 फरवरी को होने वाले निक्षय दिवस में फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार के मरीजों को भी चिन्हित करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी पर एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ की ड्यूटी लगाई गई है।

### बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र प्राप्त करें

**बिल्सी।** नगर के श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र प्राप्त हो गए हैं। संबंधित छात्र-छात्राएं किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रोहिताश कुमार ने दी है।

### सिपाही ने आइजी से की साथी की शिकायत

**बदायूं।** रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही अनुज ने आइजी से शिकायत करके बताया कि लाइन के स्टोर में तैनात एक सिपाही कम सामान खरीदकर ज्यादा का फर्जी बिल बनाता है। उसने एसपी सिटी और सीओ के खिलाफ भी व्हाट्सएप पर गलत टिप्पणी की है। आरोप लगाया कि सिपाही इससे पहले थाना इस्लामगनर में तैनात था तो उसकी अपराधियों से सांठगांठ थी। वह चोरी की बुलेट चलाता था। तत्कालीन एसएसपी ने उसे निलंबित भी किया था। अनुज ने व्हाट्सएप के स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध कराए हैं।

### मिश्रित दूध बेचने पर छह महीने की सजा

**बदायूं।** खाद्य निरीक्षक राम औतार रस्तोगी ने 10 अगस्त 1990 सुबह 8 बजे कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव अरेला निवासी रामकुंवर के दूध का सैंपल लिया था। दूध में मिलावट होने पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 6 अप्रैल 1991 को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी रामकुंवर को छह महीने की सजा और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने की स्थिति में एक महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।







# घर में घुसकर दबोचा, विरोध पर जान से मारने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** तीन बच्चों का पिता पड़ोस में रह रही युवती के घर में घुस गया। उसे गलत नीयत से दबोच लिया। युवती के चिल्लाने पर आरोपी ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर लोग आ गए तो आरोपी फरार हो गया। पीड़िता की मांग की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 फरवरी को सुबह 12 बजे पड़ोसी तीन बच्चों का पिता शाहिद उनके घर में घुस आया। उसकी 20 साल की बेटी को बदनीयती से दबोच लिया। उसने विरोध कर शोर मचाया तो उसने बेटी का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। उसके मुंह से खून निकलने लगा। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौका पाकर आरोपी भाग गया। पुलिस ने युवती को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## रबी सीजन के लिए बांटा गया था बीज, किसान कर रहे हैं धनराशि का इंतजार

# दो हजार से अधिक किसानों के खाते में नहीं पहुंची बीज सब्सिडी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकारी बजट के अभाव में अनुदान की राशि भेजने में जता रहे असमर्थता

**अमृत विचार:** रबी सीजन में किसानों को बीज का वितरण किया गया था। करीब दो हजार से अधिक ऐसे किसान हैं कि जिन्हें अभी तक सब्सिडी की धनराशि नहीं मिली है। जिसे प्राप्त करने के लिए वह कृषि विभाग के चक्कर काट रहे हैं। वहीं अधिकारी बजट के अभाव में अनुदान की राशि भेजने में असमर्थता जता रहे हैं।

उन्नत खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन में राजकीय बीज गोदामों से किसानों को सब्सिडी पर संशोधित बीज की बिक्री की गई थी। बीज खरीदते समय किसानों को इसकी पूरी कीमत चुकानी पड़ी। इसके बाद मूल्य के 50 फीसदी धनराशि बाद में सब्सिडी के रूप में उनके खाते में आनी थी। जबकि नियमानुसार किसानों के बैंक खाते में एक सप्ताह के अंदर सब्सिडी की धनराशि कृषि विभाग द्वारा भेजी जानी थी। किसान अब तक सब्सिडी की बाट जोह रहे हैं। शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। यदि ऐसी स्थिति रही तो किसान गोदामों से बीज खरीदने से परहेज करने लगेंगे। ऐसे में विभाग के लिए बीज बिक्री का लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं होगा। वहीं कृषि अधिकारियों का कहना है बजट के अभाव में सब्सिडी की धनराशि किसानों को नहीं दी जा सकी है। जितना बजट था उसके अनुसार किसानों को अनुदान की धनराशि दी जा चुकी है। डिमांड भेजी है।

> बजट कम था। इस कारण करीब दो हजार से अधिक किसान शेष बचे हैं। जिन्हें बीज का अनुदान दिया जाना है। डिमांड भेजी गई है। बजट आते ही अनुदान की राशि उनके खातों में ट्रांसफर कर दी जाएगी। – **मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

### 1.24 लाख एमटी बीज का किया गया था वितरण

कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर और सरसों सहित अन्य फसलों के बीज वितरण के लिए 1,23,935.18 एमटी का लक्ष्य मिला था। जिसके सापेक्ष 1,24,134.92 एमटी बीज का वितरण किया गया था। अधिकारियों के अनुसार करीब पांच हजार से अधिक किसानों में बीज का वितरण किया गया था। इनमें से तीन हजार से अधिक किसानों में अनुदान की राशि भेजी जा चुकी है। अभी दो हजार से अधिक किसान ऐसे हैं जिन्हें बजट के अभाव में सब्सिडी की धनराशि नहीं भेजी गई है। अनुदान की धनराशि प्राप्त करने के लिए किसान कृषि अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

## एक नजर

### पुलिस को नहीं लगी भनक, किसान पहुंचे दिल्ली

**बदायूं।** किसान केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में लामबंद हो रहे हैं। प्रांतीय आह्वान पर दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसानों को मंगलवार को पुलिस ने रोक लिया था। उसके बाद बुधवार को चार पहिया वाहनों में सवार होकर अलग-अलग गुटों में सैकड़ों किसान पुलिस को चकमा देकर दिल्ली पहुंच गए। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर किसान दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस ने मंगलवार को किसानों को समझाकर घरों को भेज दिया था। भाकियू असली अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने बताया कि बुधवार को अलग-अलग वाहनों से किसान दिल्ली रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को धोखा दिया है। एमएसपी की मांग पूरी नहीं की इसलिए देश भर से किसान दिल्ली पहुंच रहे हैं। अब आर पार की लड़ाई होगी।

### बाइक सवार महिला से छीनी चांदी की तगड़ी

**इस्लामनगर।** कस्बे के मोहल्ला टंकी रोड निवासी एक महिला अपने मामा के साथ बाइक से सामान खरीदने जा रही थी। रास्ते में उचक्के उसकी चांदी की तगड़ी छीन ले गए। महिला के भाई ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

# पत्नी के हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास

## छह फरवरी 2022 को पति ने चाकू मारकर की थी पत्नी की हत्या, 35 हजार रुपये जुर्माने से किया दंडित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पत्नी की हत्या करने के आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने बुधवार को आजीवन कारावास समेत 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार इस्लामनगर क्षेत्र के मोहल्ला मछली बाजार निवासी जयकुमार पुत्र मनोज ने 6 फरवरी 2022 को तहरीर देकर बताया था कि उसी दिन सुबह 9 बजे उसकी मां पिंकी किसी काम से बाहर गई थीं। मोहल्ला मुस्तफाबाद में बब्बू धर्मकांटा के सामने उसके पिता मनोज ने मां को चाकू मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस ने घायल मां पिंकी को रुदायन की सीएचसी पर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। थाना इस्लामनगर पुलिस ने आरोपी मनोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचक विजेंद्र सिंह ने जांच कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मृतक के पति मनोज पर पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

### दहेज हत्या के आरोप में 10 साल की सजा

**बदायूं।** थाना कादरचौक पुलिस ने तीन साल पुराने मामले में भुमईया निवासी इसरार, पिता अनवार, मां नफीसा के खिलाफ दहेज हत्या व मारपीट आदि में रिपोर्ट दर्ज की थी। सीओ भूषण वर्मा ने जांच की और तीनों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। बुधवार को कोर्ट ने तीनों को दोषी पाते हुए इसरार को 10 और अनवर व नफीसा को 7-7 साल की सजा सुनाई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 5 नवंबर 2018 में शादी अनुदान दिलवाने के नाम पर पीड़िता को बुलाया था गुन्नौर
- 10 हजार रुपये आर्थिक दंड से किया दंडित, आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश

**अमृत विचार:** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को एससीएसटी एक्ट के न्यायाधीश उदय भान सिंह ने दस साल के कारावास समेत 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र निवासी 14 साल की किशोरी ने थाना जरीफनगर पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह जाटव समाज से है। गांव मदारपुर निवासी राजपाल यादव पुत्र धनपाल उसके पिता का जानने वाला है। 5 नवंबर 2018 की शाम पांच बजे उसके पिता के पास आरोपी राजपाल यादव का फोन आया। उसने कहा कि बेटी को गुन्नौर ले आओ। यहां उसकी शादी के लिए 30 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। किशोरी और उसके पिता गुन्नौर पहुंचे। जहां राजपाल उन्हें इधर-उधर घुमाता रहा। कुछ देर के बाद पीड़िता से बोला, क्या सिलाई का काम जानती हो। उसके हां कहने पर उसने कहा कि चलो ब्लॉक में तुम्हारा साक्षात्कार होगा। वह किशोरी को बाइक पर बैठाकर ले गया। पिता को वहीं किसी के घर बैठा दिया। आरोपी ने ब्लॉक पर ले जाकर बोला कि उसने बात कर ली है। 500 रुपये दिए हैं और सिलाई मशीन मिल जाएगी। उसने उसे बाइक पर बैठाया और चलने लगा। कहां ले जा रहे हो पूछने पर उसने कहा कि पिता से बात हो गई है। वह रास्ते में मिल जाएंगे। वह रात लगभग साढ़े 9 बजे किशोरी को गांव मदारपुर के पास खेत पर लेकर गया। जहां उसके कान पर तमंचा सटा दिया और डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। धमकाया कि अगर पिता को बताया तो जान से मार देगा। इसी बीच मौका पाकर वह वहां से भाग आई। किसी का फोन लेकर पिता को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सीओ सहसवान मुन्नालाल ने विवेचना की और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में आरोपी राजपाल पर दुराचार के आरोप में मुकदमा चलाया गया। जज ने साक्ष्य का अवलोकन और अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक ऐश्वर्या और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद राजपाल को दोषी पाते हुए दस साल के जेल समेत 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# बच्चों के विवाद में मारपीट गर्भवती के पेट में मारी लात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दातागंज क्षेत्र के गांव नूरपुर की घटना, महिला का पांच महीने का गर्भ गिरा

**अमृत विचार :** बच्चों के विवाद को लेकर दो महिलाओं में कहासुनी हो गई। आरोप है कि एक महिला ने पांच महीने की गर्भवती से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान गर्भवती के पेट में लात लग गई। वह दर्द से कराहने लगी। परिजन उसे घर ले गए। अगले दिन गर्भवती का पांच महीने का गर्भ गिर गया। परिजनों की सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची। बुधवार को भ्रूण का पोस्टमार्टम कराया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव नूरपुर में 12 फरवरी को दो बच्चे खेल रहे थे। खेलने के दौरान बच्चों में विवाद हो गया और हाथापाई शुरू हो गई। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई लेकिन दोनों में से पीछे हटना नहीं चाहता था। जानकारी पाकर दोनों बच्चों की मां पहुंचीं। जिसमें एक महिला पांच महीने की गर्भवती थी। बच्चों के विवाद में महिलाओं में कहासुनी होने लगी। बात हाथापाई तक पहुंच गई। दोनों में जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान एक महिला ने गर्भवती के बाल पकड़कर खींचे और पेट में लात मार दी। गर्भवती जमीन पर गिर गई और तड़पने लगी। जिसके बाद मामला शांत हो गया। उसके परिजन पहुंचे और उसे उठाकर घर ले गए। कुछ देर के बाद गर्भवती को आराम मिल गया लेकिन मंगलवार को महिला को तेज दर्द उठा। गांव की दाई को बुलाया गया तो महिला ने पांच महीने के मृत भ्रूण को जन्म दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि मारपीट की वजह से भ्रूण की मौत हुई है। पुलिस ने बुधवार को भ्रूण का पोस्टमार्टम कराया। दातागंज कोतवाल हरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि महिला के परिजनों ने फोन करके सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी। भ्रूण का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप

### खेतों में खड़ी फसल नष्ट कर रहे निराश्रित गोवंश, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बदायूं।** जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव एवं संगठन मंत्री लोकपाल सिंह के संयुक्त नेतृत्व में बिसौली व वजीरगंज के खुर्रमपुर भमोरी दुल्हेपुरा के ग्रामीणों के साथ बुधवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण निराश्रित गोवंश से परेशान हैं। गांव खुरामपुर भमोरी की गोशाला में बंधे गोवंश रात को खोल दिए जाते हैं। जो फसलों को नष्ट कर देते हैं। कड़ाके की ठंड में ग्रामीण खेत रह रहने को मजबूर हैं। संगठन मंत्री ने कहा कि अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं कराया जा रहा है। वीरेश पाल यादव, भुवनेश कुमार शाक्य, ब्रह्मपाल सिंह, नेत्रपाल सिंह, हनुमान सिंह, वीरेंद्र सिंह पासी आदि मौजूद रहे।

### हवन के बहाने चोरी करके ले गया तांत्रिक

**बदायूं।** जरीफनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव घनौली निवासी सुनील तांत्रिक है। उसका रिश्ते के भाई राजकुमार के साथ उनके घर पर आना जाना था। 26 नवंबर को सुनील, राजकुमार और उनका बहनोई अमित आए थे। सुनील ने उन्हें डराया और कहा कि उनके घर में साया मंडरा रहा है। घर पर हवन करने की जरूरत है। हवन का सामान मंगवाया। वह सामान लेने के लिए सहसवान चली गईं। इसी दौरान वह तीनों उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। साथ ही घर के बक्से में रखे 50 हजार रुपये, सोने की अंगूठी व चेन चोरी करके ले गए। वह वापस लौटीं तो बेटी नहीं थी और न ही रुपये व आभूषण थे। आरोप है कि उन लोगों ने उन्हें अपने जाल में फंसाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तांत्रिक समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण और चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

**बदायूं।** बिनावर क्षेत्र के ओझा निवासी धर्मपाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी कैशर और अशरफ शातिर किस्म के सजायाफ्ता हैं। आरोप है कि वह कई बार उसके साथ गाली-गलौज कर चुके हैं। दो फरवरी को आरोपियों ने उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पिटाई के डर से पत्नी ने नहीं खोला दरवाजा, जमीन पर मिला पति का शव

संवाददाता, उझानी

- पड़ोसी पर आरोप लगा रही पत्नी, पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव सकरी जंगल निवासी एक युवक शराब के नशे में धुत होकर आया। दरवाजा खटखटाया लेकिन पत्नी ने पिटाई के डर से दरवाजा नहीं खोला। रात में पत्नी कमरे से बाहर निकली तो जमीन पर पति का शव पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है।



मृतक नन्हें।

गांव सकरी जंगल निवासी नन्हें (40) पुत्र अब्दुल हमीद शराब पीने का आदी था। समझाने के बाद भी वह नहीं मानता था। शराब पीकर पत्नी अख्तरी बेगम से मारपीट करता था। मंगलवार रात लगभग 11 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर घर आया और दरवाजा खटखटाया। पिटाई के डर से पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला। कुछ समय के बाद बाहर से पति की आवाज आनी बंद हो गई। रात लगभग दो बजे अख्तरी शौच के लिए उठीं। दरवाजा खोला तो जमीन पर नन्हें का शव पड़ा था। वह चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी आ गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। अख्तरी बेगम ने बताया कि रात में नन्हें बोल रहे थे कि शराब की दुकान पर पड़ोस में रहने वाले युवक ने उन्हें बुरी तरह से पीटा है। उसे लगा कि दरवाजा खुलवाने के लिए झूठ बोल रहे हैं। पिटाई के डर से उसने दरवाजा नहीं खोला। अख्तरी ने जिस जगह पर शव पड़ा होने की बात कही वहीं पर फटा हुआ दुपट्टा ऊपर लटका था। ऐसा लग रहा था कि नन्हें फंदा लगाकर जान दी हो। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। जांच की जा रही है। जिसके आधार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बांके लाल हत्याकांड में पुलिस ने पकड़े तीन हत्यारोपी

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बिहारी गौटिया निवासी बांकेलाल उर्फ मुकद्दम की सोमवार रात गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई ने जमीन के विवाद का आरोप लगाते हुए दीपचंद, गंगाधर, भूपेंद्र और नेत्रपाल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार बांके लाल पर चोरी, लूट, डकैती आदि के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसकी वजह से ग्रामीण उनसे रंजिश मानते थे लेकिन बाहरी जिलों के कई लोगों से अच्छी दोस्ती थी। वह दो मोबाइल फोन रखते थे। सोमवार शाम उनके पास किसी का फोन आया था। भतीजे ने पूछा तो उन्होंने कहा था कि कोई मिलने के लिए बुला रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों से एक महिला उनके संपर्क में आ गई थी। बांके लाल ने कुछ दिनों तक उसे अपनी पत्नी बनाकर रखा था। कुछ दिनों के बाद बांके का उस महिला से विवाद हो गया तो वह गांव से चली गई थी। पुलिस उसके बारे में भी जानकारी कर रही है। वहीं परिजनों ने बताया कि बांके का मौसेरे भाई से भी भूमि विवाद चल रहा था।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वाधान में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नगर के इंदिरा चौक पर बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की । विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष नीरज रस्तोगी ने कहा कि 2019 पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के साहस, सर्वोच्च बलिदान और मातृभूमि के प्रति निस्वार्थ सेवा का ऋणी रहेगा । जिला मंत्री उज्जवल गुप्ता ने कहा कि देश और धर्म विरोधी ताकतें इस राष्ट्र में नहीं जी पाएंगे ।बजरंग दल संयोजक शांतनु दुबे ने कहा देश के लिए प्राणों की आहुतियां देने वाले सदा के लिए अमर हो जाते हैं । इस मौके पर राजीव जौहरी, अचल सक्सेना, गौरव भारद्वाज, आयुष अग्रवाल, नीरज कोचर, मयूर गुप्ता, अवधेश भदोरिया, मणि सिंह भदोरिया, उत्कर्ष मिश्रा, शिवाकांत शर्मा, पराग गौतम, अजय शर्मा, अमन मिश्रा, आयुष्मान मिश्रा, रजत यादव, विवेक कुमार, अश्मित आद मौजूद रहे।



कुंवरगांव में मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

- पुलवामा के शहीदों को श्रद्धाजंलि देते विहिप कार्यकर्ता

**कुंवर गांव।** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उनकी याद में मोमबत्ती जला कर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

14 फरवरी का दिन हमारे इतिहास में काला दिन माना जाता है। पांच साल पूर्व इस दिन देश के जवान पुलवामा में शहीद हुए थे। इन शहीदों को पूरा देश श्रद्धांजलि दे रहा है।

बुधवार को कुंवरगांव के लोगों ने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर चेयरमैन पति अरविंद कुमार, मंडल उपाध्यक्ष अनिल सिंह ,लखनप्रताप ,हनी सभासद ,महेश गुप्ता भट्टा वाले ,अजय सक्सेना,अजय शर्मा,लालू सभासद आदि मौजूद रहे ।

# पीडीए से गायब हो रहा ए, सपा अल्पसंख्यक को बनाएं प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पूर्व मंत्री व सपा सचिव आबिद रजा ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र भेजकर राज्यसभा चुनाव में अल्पसंख्यक को प्रत्याशी बनाने पर विचार करने की मांग की है। कहा कि प्रदेश के मुसलमान जुल्म झेलने के बाद भी उनके साथ खड़े है।



आबिद रजा, राष्ट्रीय सचिव, सपा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्यसभा के चुनाव में तीन प्रत्याशियों में अल्पसंख्यक को प्रत्याशी न बनाए जाने पर पूरे प्रदेश के मुसलमानों में मायूसी और बेचैनी है। सपा से हमारा पुराना रिश्ता है। सपा को वोट देना प्राथमिकता में रहता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 111 सीटें जीती। जो अल्पसंख्यकों के वोट के बिना जीतना मुमकिन नहीं थीं। वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष पीडीए के बैनर तले पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पीडीए के अनुसार भी एक सीट अल्पसंख्यक को मिलनी चाहिए। राज्यसभा चुनाव में मुसलमान प्रत्याशी न होने की वजह से पीडीए में से ए यानि अल्पसंख्यक गायब हो गया है। जो पार्टी के हित में नहीं है। बता दें राज्यसभा के नामांकन की तारीख 15 फरवरी है। सपा सचिव ने पीडीए के अनुसार तीन में से एक अल्पसंख्यक प्रत्याशी बनाने की मांग की।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**बिसौली, अमृत विचार :** अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गंभीर अवस्था में युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

निकटवर्ती गांव हतसा निवासी राजू पुत्र रामाशंकर पाराशरी नगर से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में गांव मदन जुड़ी के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## अनदेखी

## नेकपुर में महीने में दो बार ही होती है सफाई, नाली-नालों में जमा है कूड़ा करकट

# कीचड़ से बजबजा रही नालियां, सफाई व्यवस्था हो गई बदहाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। सफाई न होने से मोहल्लों में गंदगी से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाली-नालों में गंदगी भरी होने से अब मच्छर पनपने की आशंका पैदा हो गई है। जिससे संक्रामक रोग फैलने का डर है। शिकायत करने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।



नेकपुर की गली नं. तीन की नाली में भरी गंदगी और सड़क पर पड़ा कूड़ा।

शहर के नेकपुर मोहल्ला वार्ड 4 में नेता और डॉक्टरों के भी आवास हैं। मेन रोड से लेकर गलियों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालों में सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।



हमारे घर के सामने हर समय कूड़ा पड़ा रहता है। जिसके चलते वह खुद ही सफाई करती है। यहां पर महीने भर से सफाई कर्मचारी नहीं आया है। लोगों ने कई बार शिकायत की फिर भी स्थिति वही है। – **मंजू।**



यहां पूरे मोहल्ले में गंदगी फैली हुई है। कभी कूड़ा उठाने वाला नहीं आता है। लोग इधर उधर कूड़ा फेंक देते हैं जिससे कूड़ा नालियों में भरा रहता है। गंदगी से लोग परेशान हो गए हैं। – **ममता।**



मोहल्ले में सफाई नहीं होने से नाली नालों में गंदा पानी भर गया है जो अब सड़कों पर भी बहने लगा है। सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। सुबह बच्चों को बाहर निकलने में दिक्कत होती है। – **रामसेवक सिंह।**



लंबे समय से यहां सफाई कर्मचारी नहीं आया है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से शिकायत भी की, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। गंदगी के चलते अब मच्छर पनपने का खतरा पैदा हो गया है। जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का भी डर है। – **हर दयाल सिंह।**

- सड़कों पर कूड़ा जमा होने से लोगों को हो रही दिक्कत

सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे होने से लोगों को परेशानी हो रही है। गली नंबर तीन में सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर महीने में एक या दो बार सफाई कर्मचारी आता है। नालियों में गंदा पानी जमा रहने से मच्छर पैदा होने का खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने बताया कि कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों से सफाई कराने के लिए कहा गया मगर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसी तरह अन्य गलियों में महीनो से सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं। सभी जगहों पर गंदगी व्याप्त है।





# वीणा वादिनी का पूजन कर किया वसंत ऋतु का स्वागत

## जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व, स्कूलों में बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शीत ऋतु के जाने के बाद वसंत ऋतु आ गई। पेड़ों पर पतझड़ के बाद कोपलें फूटने लगीं हैं। हर ओर हरियाली ही हरियाली दिख रही है। फाग उत्सव की शुरुआत भी वसंत ऋतु के आगमन के साथ हो गई। करीब 40 दिनों तक फाग उत्सव की धूम रहेगी। बुधवार को वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शैक्षिक संस्थानों में वीणा वादिनी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने पीले वस्त्र धारण कर मां की आराधना की।

शहर के लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के अध्यक्ष ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मां सरस्वती का जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। हवन यज्ञ कर ऋतुराज वसंत का स्वागत किया गया। मुख्य यजमान सत्येंद्र कुमार सिंह ने यज्ञ पुरोहित राजेश कुमार शर्मा द्वारा पूर्ण कराया गया। उसके उपरांत विद्यारंभ संस्कार पाटी पूजन कराया गया। लगभग 50 शिशुओं ने विद्यारंभ संस्कार में भाग लिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ आर पी शर्मा, राजकुमार सेगर, दिनेश कुमार शर्मा, राजीव गंगवार आदि मौजूद रहे। दातागंज ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल डहरपुर कलां में शिक्षकों ने बच्चों के साथ मां सरस्वती की आराधना की। ब्लूमिंगडेल स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्कूली बच्चों ने माता सरस्वती का पूजन किया।

इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तत्पश्चात विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेंहदी रत्ता ने कहा कि आज से वसंतोत्सव की शुरुआत हो जाती है। कई जगह होली को स्थापित कर दिया जाता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य, दुर्गेश झा, कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव, केडी पाठक आदि मौजूद रहे।

गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। गायत्री परिजनों ने विश्व कल्याण की कामना से आहुतियां समर्पित की। गायत्री शक्तिपीठ के सचिन देव, शिवंवदा सिंह, पूनम ने वेद मंत्र उच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। विद्यारंभ, उपनयन और दीक्षा संस्कार के बाद कन्या भोज कराया गया। इस मौके पर नत्थू लाल शर्मा, रामचंद्र प्रजापति, कालीचरण पटेल, नरदेव शर्मा, राजेश्वरी आदि मौजूद रही।

दाताराम मेमोरियल इंटर कॉलेज ललुआ नगला असरासी में गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने वेद मंत्र उच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अश्वत्थ उद्यान में वसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ एनसी प्रजापति ने एमबीबीएस के छात्रों के साथ हवन पूजन किया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अर्शिया मसूद सिद्दीकी, डॉ. नेहा सिंह सहित अन्य डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहा।



लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मां सरस्वती की पूजा करती छात्राएं


श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में पूजन कराते पुरोहित


प्राथमिक स्कूल में हवन-पूजन करते शिक्षक। ● अमृत विचार


गायत्री शक्तिपीठ पर हवन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में पूजन करते प्राचार्य डॉ एनसी प्रजापति।


खेत में लहलहाती सरसों की खेती। ● अमृत विचार


ब्लूमिंग डेल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।





















# वसंत पंचमी पर्व पर देहात क्षेत्र में छाया उल्लास, हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी पर देहात और कस्बों में भी उल्लास का माहौल रहा। शैक्षिक संस्थानों में मां सरस्वती की आराधना की गई। साथ ही हवन पूजन भी किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं भंडारे का भी आयोजन किया गया।

शहर के फ्यूचर लीडर्स स्कूल में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के जन्मोत्सव तथा विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। स्कूल में सुंदरकांड का पाठ तथा विशाल भंडारे का प्रबंध कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर वीपी सिंह ने वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसर विद्यालय के एम डी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, सीके शर्मा, बृजेशपाल सिंह, अंकित सिंह, पूनम चौहान आदि उपस्थित रहे।



फ्यूचर लीडर्स स्कूल में मां सरस्वती की पूजा करते शिक्षक।


मां शारदे की पालकी को खींचते श्रद्धालु

### वसंत पंचमी पर कस्बे में हुआ भंडारे का आयोजन

**कादरचौक।** वसंत पंचमी पर कस्बे में हुए भंडारे में दूर दराज के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व ब्राह्मण और कन्याओं को भोज कराया गया। आयोजन में धर्मवीर वर्मा, सत्यवीर वर्मा, प्रदीप गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

### नगर में धूमधाम से निकाली गई मां शारदे की शोभायात्रा

**बिल्सी।** नगर के विद्युत उपकेंद्र रोड स्थित नव दुर्गा मंदिर कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को वसंत पंचमी के पर्व पर मां शारदे की शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि पौष मास की कृष्ण पक्ष एकादशी से नगर में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाल कर भक्त प्रभु का गुणगान करते हैं। प्रभात फेरी वसंत पंचमी तक निकाली जाती है। शोभायात्रा में गणेश जी, हनुमान जी, मां दुर्गा जी, शंकर भगवान, राधा कृष्णा की झांकियों को शामिल रही। शिवम शर्मा, पवन वार्ष्णेय, आलोक कुमार, जगदीश प्रेम आदि का सहयोग रहा।


पीले परिधान में मां सरस्वती की पूजा करते बच्चे और शिक्षक।

### बाबा इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई वसंत पंचमी

**बिल्सी।** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं डायरेक्टर साधना वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने कहा कि वसंत पंचमी पर्व वसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। वसंत ऋतुओं का राजा माना जाता है। यह दिन विद्यार्थियों के लिए विशेष है इस दिन सभी विद्या और ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूजा आराधना करते हैं।


हवन पूजन करते शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### हवन-पूजन कर मां सरस्वती का लिया आशीर्वाद

**इस्लामनगर।** एसजीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं और समस्त शिक्षकों ने हवन यज्ञ कर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार समेत स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### वसंत पंचमी पर बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**आसफपुर।** क्षेत्र के गांव दावरी स्थित एसएस मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल में हवन पूजन के साथ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक विनीत कुमार गुप्ता, करन सिंह, राजू यादव आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शाहरुख़ खान, प्रशांत कुमार, संजीव कुमार, प्रियांशु चौहान आदि उपस्थित रहे।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

### राधा कृष्णा मंदिर पर किया गया भंडारा

**कादरचौक।** कस्बे में राधा कृष्ण के मंदिर पर बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा कार्यक्रम से पहले कन्या भोज कराया गया। उसके बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ब्रहमदेव बाबा के पवित्र स्थान पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुट गए थे। भंडारे में पूड़ी, सब्जी और खीर व लड्डू का प्रसाद लोगों को दिया गया। इस मौके पर धर्मवीर वर्मा, सत्यवीर वर्मा, प्रदीप गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव, विपिन कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र शाक्य, लज्जाराम कश्यप, सुनील वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव नगला वन में दोपहर 12 बजे से।

## एक नजर

### किसान यूनियन 16 को करेगी प्रदर्शन

**जलेसर, अमृत विचार** : एमएसपी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा दिल्ली कूच आंदोलन में पुलिस द्वारा की जा रही बर्बरता के विरोध में 16 फरवरी के भारत बंद को सफल बनाने के लिए ऑल इंडिया किसान यूनियन भी तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के संबंध में उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ऑल इंडिया किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि किसनों की मांगों को सरकार पूरा नहीं कर रही है, जिसके चलते आंदोलन चल रहा है आंदोलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता 16 फरवरी को सुबह 10 बजे तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होंगे और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में सोवरन सिंह कुशवाहा, बाबा अमरनाथ, भगवान सिंह बघेल, चंद्रपाल कुशवाहा, प्रमोद कुमार, कमलेश कुशवाहा, चंद्रपाल बघेल आदि प्रमुख थे।

### लूट करने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**एटा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा लूट के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त राज पुत्र राजू निवासी नगला पोता थाना कोतवाली नगर एटा को गिरफ्तार कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या का प्रयास: छह दिन बाद युवक की मौत

## अलीगढ़ चल रहा था इलाज, आईसीयू में वेंटीलेटर पर था युवक, मौत की खबर से खलबली, पुलिस अलर्ट

**कार्यालय संवाददाता कासगंज**

**अमृत विचार :** किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी द्वारा अमांपुर थाने में किए गए आत्महत्या के प्रयास के मामले में अब संवेदनशीलता और बढ़ गई है। युवक ने उपचार के दौरान अलीगढ़ में दम तोड़ दिया है। इसको लेकर अब मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। इधर, पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। परिवार में कोहराम मच गया। थाना अमांपुर से लेकर युवक के गांव तक पुलिस ने नाकेबंदी कर दी है। राजनीति भी तूल पकड़ रही है।



गांव सुलहपुर निवासी आरोपी युवक गौरव पुत्र रघुराज सिंह पर गांव की एक किशोरी भगा ले जाने का आरोप लगा। उसे पुलिस ने तीन फरवरी को हिरासत में ले लिया। मानवाधिकारों का हनन करते हुए उसे न्यायालय में पेश नहीं किया। जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हुआ। परिजनों का आरोप है कि पुलिस लगातार प्रताड़ना देती रही, जिससे उसने तंग आकर नौ फरवरी को थाने के शौचालय के जंगले में मफलर से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। संतरी ने दरवाजा तोड़कर पुलिस की मदद से उसे अस्पताल भेजा। यहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया था। इधर, थाने में आत्महत्या की कोशिश को लेकर खलबली मच गई। डीआईजी ने यहां दो दिन डेरा जमाया। एसपी ने एएसपी को जांच सौंपी। अलीगढ़ में गंभीर हालत में युवक का उपचार चल रहा था। उसे वेंटीलेटर पर रखा गया था।

अब उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया है। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस महकमे में खलबली मच गई। इधर, पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है और कई थानों का फोर्स को गांव एवं अमांपुर थाने में तैनात कर दिया है।



अमांपुर के गांव सुलहपुर में रोती-बिलखती गौरव की बहन।

> दोपहर दो बजे युवक की मौत अलीगढ़ में उपचार के दौरान हुई है। गांव सुलहपुर में हमारे अधिकारी तैनात हैं। थाने में भी पूरी सतर्कता बरती जा रही है। परिजनों के साथ पूरी सहानुभूति है। परिजनों से लगातार संपर्क में हैं। **-अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी



अमांपुर थाने में युवक की मौत की खबर के चर्चा करते पुलिस कर्मी।



मृतक युवक की मां को सांत्वना देती सीओ सहावर

### किशोरी पक्ष के दबाव में पुलिस ने मेरे भाई को मार डाला

**कासगंज, अमृत विचार :** थाने में युवक द्वारा किए गए आत्महत्या के प्रयास के बाद हुई मौत को लेकर अब चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और मामला बढ़ता दिखाई दे रहा है। परिजनों का आरोप है कि हत्या की धाराओं में पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और हमें इंसाफ दिलाया जाए।युवक की मौत के बाद गौरव की बहन राधा का रो-रोकर बुरा हाल है। उसका आरोप है कि जब तीन फरवरी को पुलिस भाई को लेने आई तो भाई-बहन के अलावा अन्य परिजन घर नहीं थे। जब पुलिस से पूछा गया कि मेरे भाई को क्यों ले जा रहे हो तो उन्होंने कहा कि एक मामले में ले जा रहे हैं और जल्द ही छोड़ देंगे। बार-बार गिड़गिड़ाने के बाद भी पुलिसकर्मी नहीं माने। घर से थाने ले जाकर मेरे भाई के साथ मारपीट की । परिजनों के साथ मैं थाने पहुंची और अनुरोध किया कि भाई को छोड़ दो, लेकिन पुलिसकर्मियों ने नहीं सुनी। मानवाधिकार का हनन किया गया। इतना प्रताड़ित किया कि भाई परेशान हो गया। यहां तक की मेरे भाई को मारकर शौचालय में फांसी के फंदे पर लटका दिया। अब मेरे भाई की मौत हो गई है। आरोपी पुलिसकर्मियों पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### क्या बोले सगे संबंधी



> मेरे भतीजे की हत्या पुलिस द्वारा की गई है। आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। न्याय न मिला तो हम उच्च अधिकारियों से संपर्क करेंगे। **-रामनिवास**, फूफा



> इलाज में लापरवाही होने के कारण मेरे युवक की मौत हो गई। समय से इलाज न मिलने के कारण मौत हुई है। मौत से पूरा परिवार परेशान है। हमें न्याय चाहिए। **-सुरेश चंद्र**, रिश्तेदार



कस्बा अमांपुर में युवक की मौत की खबर के बाद तैनात पीएसी, दमकल वाहन।





युवक की मौत की खबर के अमांपुर थाने के बाहर पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता।

## कराई जाए सीबीआई जांच और दिलाया जाए मुआवजा

**कासगंज, अमृत विचार:** युवक की मौत के मामले में अब विपक्ष ने राजनीति को धार दी है। सपा-बसपा मैदान में कूद पड़े हैं। दोनों ही दलों के नेताओं ने एक पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि पुलिस निरंकुश हो चुकी है। हर हाल में मामले की न्यायिक और सीबीआई जांच होनी चाहिए। जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई हो। साथ ही एक करोड़ का मुआवजा पीड़ित परिवार को दिया जाए और आश्रित को नौकरी में दी जाए।



> मैं पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हुआ हूं। जो भी घटना हुई है उसको लेकर मैं पहले ही मुख्यमंत्री को बता चुका हूं। इस घटना की जांच के लिए पूरा प्रयास करूंगा। घटना बेहद दु:खद है। **-हरिओम वर्मा**, विधायक अमांपुर

### क्या बोला विपक्ष



मामला बेहद संवेदनशील है। पुलिस ने युवक को प्रताड़ना दी। सत्ताधारी दल कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। हमारी मांग है कि एक करोड़ का मुआवजा परिजनों को दिया जाए। घटना बेहद दु:खद है। **-डीपी राणा**, जिलाध्यक्ष बसपा



> मामले में सीबीआई और न्यायिक जांच होनी चाहिए। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा सरकार में पुलिस हिरासत में मौत की घटनाएं बढ़ रही हैं। मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत गंभीरता हैं। हम परिजनों को न्याय की मांग करते हैं। -विक्रम यादव जिलाध्यक्ष सपा

## युवक की मौत की खबर से गांव सुलहपुर में बढ़ गया तनाव

- एटा, कासगंज और अलीगढ़ जिले की फोर्स गांव में लगाई
- अधिकारी पल-पल का लेते रहे अपडेट, बढ़ाई गई चौकसी

**कासगंज , अमृत विचार :** अमांपुर थाने में युवक द्वारा शौचालय में किए गए आत्महत्या के प्रयास के मामले के बाद मौत की खबर ने गांव सुलहपुर और थाना अमापुर में खलबली मचा दी है। गांव में तनाव का माहौल बन गया है। चारों तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म है। इधर पुलिस भी संवेदनशील हो गई है। एटा, कासगंज और अलीगढ़ जिले का पुलिस फोर्स को गांव में तैनात कर दिया गया है। थाना अमापुर से लेकर गांव तक कड़ी चौकसी बरती जा रही है।किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी ने आत्महत्या का प्रयास किया। वह बीती 9 फरवरी से अलीगढ़ में भर्ती था। परिजन चिंतित थे। पुलिस निगरानी कर रही थी। चिकित्सकों की टीम लगी थी। इधर युवक की हालत में सुधार नहीं हो रहा था। गांव में तनाव का माहौल भी दिखाई दे रहा था। क्योंकि एक ही गांव और एक ही वर्ग के किशोरी और युवक का है मामला है। दोनों पक्षों में पाले खिंचे हुए हैं। जैसे ही बुधवार की दोपहर युवक की मौत की खबर गांव पहुंची तो मामला और भी संवेदनशील हो गया। धीमे-धीमे गांव में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई। वैसे तो पहले ही गांव में पुलिस बल तैनात था, लेकिन जैसे ही युवक की मौत की खबर मिली तो पुलिस के अधिकारियों ने गांव में पीएसी के अलावा पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी भेज दिए गए।**काफी देर तक समझ नहीं पाए ग्रामीण :** गांव सुलहपुर में काफी देर तक ग्रामीण यह नहीं समझ पाए कि धीमे-धीमे पुलिस का पहरा क्यों बढ़ाया जा रहा है। यहां गाडियां बढ़ती जा रही है। चौकसी बढ़ रही है। ग्रामीणों को अपील की जा रही थी कि दी कि वह शांति व्यवस्था बनाए रखें।

# महिलाओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला शक्ति संवाद कार्यक्रम हुआ। इस दौरान स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की महिलाओं के साथ चर्चा की। कार्यक्रम सोरों ब्लॉक में हुआ। महिलाओं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे कर उनका लाभ उठाने की अपील की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धिशाली व आत्मनिर्भर बनाया है। महिला शक्ति संवाद में के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की मुद्रा लोन, जनधन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 33 प्रतिशत आरक्षण, मातृ वंदन, जीवन ज्योति बीमा, तीन तलाक, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी समेत तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने और उसको उजागर करने की जरूरत है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सांत्वना पाराशर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने व ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए भाजपाइयों को जुटना है। भाजपा सरकार में ही महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान प्राप्त हुआ है। जिले में कई एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में एडीओ संजीव रावत, अनिल तिवारी, जिला मंत्री कृष्णकांत वशिष्ठ, ममता चौहान, प्रियंका पुंढीर, नीलम सोलंकी, आशा शर्मा, सविता गुप्ता, स्नेह लता, रजनी मौर्य, मिथलेश राजपूत समेत अन्य मौजूद रहे।



भाजपा के महिला शक्ति संवाद को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी।

### महिलाओं को किया गया सम्मानित

**अलीगंज/एटा, अमृत विचार** : सरकार द्वारा चलाए जा रहे शक्ति वंदन कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिला सरकार ने महिलाओं को योजनाओं के चलते जानकारी दी और उनका लाभ भी मिला। बुधवार को अलीगंज ब्लाक सभागार में शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तमाम महिलाओं ने प्रतिभाग किया साथ ही उनको सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पति डॉ. अशोक रत्न शाक्य, बीडीओ गोपाल गोयल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन के लिए प्रेरणादायक रहा। इस मोके पर बीडीओ गोपाल गोयल, डीएमएम अरुण चौधरी, एडीओ चंद्रपाल, बीएमएम गंगाधर कपिल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता,निलेश राजपूत लोकपाल शाक्य अर्जुन सिंह कष्यव सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# फाइलों में दफन होकर रह गई नगर पालिका की ओपन जिम बनाने की योजना

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान जिम्मेदार बने अनजान
- शहर की प्रतिभाओं को चाहिए सेहत के लिए नया मंत्र

अमृत विचार: शहर के प्रभुपार्क में ओपन जिम बनाने की नगर पालिका की योजना फाइलों में दबकर रह गई। लगभग दो वर्ष बीतने के बाद भी इस योजना पर नगर पालिका ने अब तक कोई काम नहीं किया है। शहर के युवा ओपन जिम बनाने की राह देख रहे हैं।

शहर के युवाओं को सेहत सुधारने के लिए निःशुल्क जिम की व्यवस्था हो इसके लिए नगर पालिका ने शहर के प्रभुपार्क में ओपन जिम लगाने की योजना लगभग दो वर्ष पूर्व बनाई थी। शहर के युवा ओपन जिम को लेकर अब तक नगर पालिका की ओर निहार रहे है। दो वर्ष बीतने के बाद भी नगर पालिका ने जिम बनाने को लेकर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की है। पालिका की योजना फाइलों में दबकर रह गई है। युवाओं को आशा थी कि पालिका जल्द ही ओपन जिम शुरू कर देगी तो निजी और महंगे जिम से निजात मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। स्थानीय युवाओं ने पालिका प्रशासन से शीघ्र ही ओपन जिम बनवाने की मांग की है। निजी जिम काफी महंगे होते हैं। आर्थिक रूप से मजबूत युवा ही इनमें जा पाते हैं।

> नगर पालिका में बजट की समस्या आ गई है। पालिका की योजना ओपन जिम लगाने की है इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। **-धर्मराज सिंह**, ईओ



> शहर क आम युवक जिम कर सकें, इसके लिए शहर में ओपन जिम जल्द बनना चाहिए। युवाओं को नि :शुल्क लाभ मिलना चाहिए। **-देवेंद्र कुशवाह**



> प्रभुपार्क में जिम बनने से आम युवा सेहत सुधार सकेगा। पालिका यदि पार्क में ओपन जिम लगाती है तो यह महत्वपूर्ण कार्य होगा। **-संतोष**, हिंदुस्तानी

## फंदों पर लटके मिले दो युवकों के शव

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में पेड़ पर युवक का शव बुधवार की सुबह लटका मिला। पत्नी के छोड़कर चले जाने से आहत होने पर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। जबकि थाना जलेसर क्षेत्र में एक अन्य युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है।

कोतवाली देहात के गांव किशनपुर लोया निवासी सुनील कुमार का गांव के बाहर बाग में खड़े आम के पेड़ पर शव बुधवार की सुबह करीब 7 बजे लटका मिला है। परिजन ने बताया कि सुबह ग्रामीण शौच आदि के लिए बाग की ओर गए थे, तब मफलर से फंदा लगा शव पेड़ पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी नित्यानंद पांडेय ने बताया कि परिजन का कहना है कि युवक की पत्नी आरती दो बच्चों को लेकर करीब एक वर्ष पहले अलग रहने के लिए चली गई थी। इसके बाद से सुनील तनाव में रहने लगा था। दो दिन घर पर भी नहीं आया और पेंट का काम करता था। सुबह शव लटका मिलने की सूचना मिली। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

**खेती-किसानी** | दलहनी फसलों से किसान बढ़ाएं मिट्टी की उर्वरा शक्ति, परंपरागत खेती के तरीकों में बदलाव से मिलेगा लाभ, दूर होगा मृदा कुपोषण

# आर्थिक रूप से किसानों को समृद्ध बना रहीं दलहनी फसलें

**संवाददाता, मोहनपुरा**

**अमृत विचार :** देश में 60 प्रतिशत क्षेत्रफल वर्षा आश्रित है, जहां रवि में गेहूं और खरीफ में धान या मक्का की फसल की जाती है। रवि की फसल के बाद जायद के मौसम में अधिकांश खेत खाली रहते हैं। सिंचित और असिंचित क्षेत्रों में उचित जल प्रबंधन तकनीक अपनाकर जायद में कम समय में दलहनी फसल उगाई जा सकतीं हैं। धान, गेहूं का परंपरागत फसल चक्र अपनाने के कारण मृदा स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिसके फलस्वरूप फसलों में कीट एवं बीमारियों के प्रकोप में निरंतर वृद्धि हो रही है।

जनपद के मोहनपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रणवीर सिंह ने बताया कि परंपरागत धान गेहूं फसल चक्र के कारण दलहनी फसलों का क्षेत्रफल काफी कम हुआ है, जिससे मृदा कुपोषण की समस्या में इजाफा हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 80 ग्राम दाल की आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता करीब मात्र 40 ग्राम की ही है। गेहूं की कटाई के बाद जायद में उर्द, मूंग, लोबिया आदि कम समयावधि एवं पानी वाली दलहनी फसलें उगाकर कुपोषण से निजात पाई जा सकती है।



निरीक्षण के दौरान इकाइयों का भ्रमण करते प्रसार निदेशक डॉ. आरके सिंह व अन्य।



खेत में खड़ी मूंग की फसल। ● अमृत विचार

### बताई सही उत्पादन तकनीक



डॉ. प्रणवीर सिंह ने जायद की फसल में अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए सही और कम खर्चीली प्रक्रिया बताई। जिसमें उन्नत प्रजाति का चुनाव, स्वस्थ एवं प्रमाणित बीज, फफूंदीनाशी रायजोबियम कल्चर से बीजोपचार कर समय से बुवाई शामिल है। संस्तुत पौध संख्या को अपनाकर अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

### इस प्रकार बढ़ती है मृदा उर्वरा शक्ति

विभिन्न फसलों में कीट एवं अन्य बीमारियों के कारण तरह तरह के रसायनों एवं कीटनाशकों के निरंतर प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। दलहनी फसलों में उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग नहीं किया जाता है जिससे सकारात्मक प्रभाव होने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। दलहनी फसल के पौधों की जड़ों में रायजोबियम बैक्टीरिया पाया जाता है जो वायुमंडल में मौजूद 78 प्रतिशत नाइट्रोजन को अवशोषित कर मृदा में संग्रहित करता है। इसके अतिरिक्त मूंग, उर्द आदि की फसलों के अवशेषों को मिट्टी में प्रयोग करके कंपोस्ट खाद की वर्मी कंपोस्ट, नाडेप कंपोस्ट, फास्फो कंपोस्ट आदि विभिन्न विधाओं द्वारा मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सनई एवं ढेंचा आदि फसलों की हरी खाद से भी उत्पादकता में इजाफा होता है।

# कृषि योजनाएं और उनके विस्तार के लिए ध्यान दें वैज्ञानिक

**संवाददाता, मोहनपुरा**

- प्रसार निदेशक ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण
- आकस्मिक निरीक्षण से मची खलबली, सही पाईं व्यवस्थाएं

**अमृत विचार:** कासगंज जिले में संचालित कृषि योजनाओं की किसानों तक शत प्रतिशत जानकारी पहुंचाएं और उन्हें कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। साथ उनकी फसल की उपज बढ़ाने के लिए नित नए गुर सिखाएं। यह निर्देश प्रसार निदेशक ने दिए हैं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया है।

जिले के मोहनपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशक डॉ. आरके यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन चारदीवारी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही केंद्र में चल रही योजनाओं और इकाइयों का बारी-बारी से भ्रमण किया, जिसमें फसल प्रदर्शन, हरा चारा प्रदर्शन, एजोला प्रदर्शन, नाडेप प्रदर्शन, बीजीए प्रदर्शन आदि प्रमुख हैं। प्रसार निदेशक ने बीजोत्पादन में गेहूं की डीबीडब्ल्यू 303 एवं सरसों की आरएच 761 प्रजाति का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र किसान हित में सराहनीय कार्य कर रहा है। सभी का उत्साहवर्धन करते हुए इसी प्रकार निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। किसानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में केंद्र से जोड़ने और लाभान्वित करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह, फसल उत्पादन वैज्ञानिक डॉ. प्रणवीर सिंह, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. बृज विकाश सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पृथ्वीपाल निर्माण कार्य की सहायक अभियंता इत्यादि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक को बीच रास्ते में उतारा, की बदसलूकी

**मोहनपुरा, अमृत विचार** : बुधवार दोपहर करीब तीन बजे अलीगढ़ डिपो की बस यूपी77एएन 2987 कासगंज से अलीगढ़ सवारी लेकर निकली। उसमें 65 वर्षीय नेकसे सिंह निवासी ग्राम नगला डुकरिया ने मोहनपुरा जाने के लिए टिकट लिया। मोहनपुरा से पूर्व पिवारी के पास बस चालक और कंडक्टर ने वृद्ध को उतार दिया और बस लेकर रफूचक्कर हो गए। बस से उतरने के बाद जब लोगों से पता किया तो उनका गंतव्य नहीं होने पर बुजुर्ग ने पुनः ऑटो में सवार होकर बस को पकड़ा, लेकिन चालक द्वारा वृद्ध के साथ नोंकझोंक कर अमानवीय व्यवहार किया गया। घटना का अन्य सवारियों ने भी विरोध किया किंतु चालक ने सभी के साथ बदसलूकी की ओर मनमानी करते हुए बस को भगा ले गया। बुजुर्ग ने बताया कि कंडक्टर ने उनसे अधिक किराया वसूल किया था जिसे लौटाए बिना उन्हें बस से जबरदस्ती उतार दिया। मायूस होकर वृद्ध जैसे तैसे अपने घर पहुंच सका। परिवहन निगम के कर्मियों द्वारा किए गए बर्ताव की लोगों ने निंदा की है।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया वसंत पंचमी पर्व

## स्कूलों में विद्या की देवी का किया पूजन, जगह-जगह किए गए आयोजनों में हवन कुंड में दी गई आहुति

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी पर्व जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल-कॉलेजों में विद्या की देवी सरस्वती का पूजन किया गया। मंदिरों में वसंती गुलाल से होली खेलकर ऋतुराज वसंत का स्वागत किया गया। जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान हुए। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति दीं।

पंचमी से वसंत ऋतु का आगमन चहुंओर हरियाली और खुशहाली का संदेश देता है। इसी दिन विद्या की देवी सरस्वती का प्राकट्य दिवस भी मनाया जाता है। शहर और कस्बों में हवन-पूजन के बाद मां सरस्वती का जन्मदिन मनाया गया। सोरों के एनआर पब्लिक स्कूल में देवी सरस्वती की पूजा की गई। विद्यालय के प्रबंधक विवेक राजपूत ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने हवन में आहुति दी। साथ ही सभी ने श्रद्धापूर्वक संकल्प लिया कि हे मां सरस्वती आप हमारी बुद्धि तथा मनोवृतियों की संरक्षिका हैं हम आपसे विनती करते हैं कि सभी लोग निरोगी हों, स्वस्थ हों तथा जग का कल्याण हो। प्रसाद वितरण भी



वसंत पंचमी पर देवी सरस्वती के चित्र पर पूजन करते छात्र-छात्राएं।

किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कुलदीप शर्मा ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य भूमिका में विद्यालय को-ऑर्डिनेटर पी सिंह राजपूत और कंप्यूटर विभाग के प्रमुख शिक्षक भूपेंद्र कुमार एवं विद्यालय के हेड ब्वॉय उमेश कुमार और हेड गर्ल आकांक्षा मौर्य रहे। कार्यक्रम में अमित उपाध्याय, मोह प्रकाश, जवाहर सिंह, जतिन जोहरी, अंकुर गौड़, भावना, अनीता, राजीव, अनामिका वशिष्ठ, सुमन, ऋचा, कायनात, अवधेश, दीपक, चाहत, खुशबू, अर्चना, ज्योत्सना सिंह, संगीता, ज्योति, साक्षी, रिदा, पूनम, वीना, सपना, शिवानी, पूजा, गीतका, साक्षी, प्रेरणा, निकिता, सोनम दयाल, लाएबा फरीदी, अवनीश, आशीष, प्रियांक, अतुल आदि उपस्थित रहे। सेंट वीएन पब्लिक स्कूल मिर्जापुर नगरिया में पंचमी समारोह का आयोजन विद्यालय संचालक मनोज चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में यज्ञ आचार्य श्याम सुंदर तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। यज्ञ आचार्य श्याम सुंदर तिवारी ने कहा कि वसंक पंचमी ज्ञान की देवी सरस्वती का विशेष दिन होता है। इस दौरान नित्या सोलंकी, अन्वी सोलंकी, आरोही पुंढीर सहित



एसबीएसएन पब्लिक स्कूल में सरस्वती की महाआरती करते शिक्षक एवं विद्यार्थी।

दर्जन भर छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश सोलंकी, सुनील सोलंकी, प्रबंधक सुरेश सिंह चौहान, शिवानी चौहान, विकास शर्मा, विकास मौर्य, राजीव बरबारिया, आरती चौहान, वैभव भारद्वाज, मनोज वर्मा, वंशिका राघव, विशाखा मौर्य, नीतू मौर्य, गौरीश उपस्थित रहे। होलिका बौद्धिक विकास समिति सोरों के तत्वधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी निषाद की देख रेख में वसंत पंचमी पप्व मनाया गया। इस अवसर पर बॉबी लम्बरदार, डॉ. रंजीत कश्यप, सुबोध पंडित, शैलेश यादव, अर्जुन कश्यप, दयाराम राजकुमार कश्यप, तेजपाल कश्यप, जितेन्द्र कश्यप देवकी नंदन कश्यप, संजयकश्यप, प्रताप कश्यप बन्ने कश्यप, भोले कश्यप, गोपाल कश्यप, अर्जुन कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा शहर के तसहील रोड स्थित एसबीएसएन पब्लिक स्कूल में हवन किया गया। प्रधानाचार्य सीमा व प्रबंधक राजकुमारी के अलावा अध्यापकों एवं बच्चों ने हवन में आहुतियां दीं। इसके बाद हलवा का प्रसाद वितरित किया गया।

गंजडुंडवारा के केनाल रोड स्थित ज्ञानोदय विद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले पुष्प



न्यौली सेंवीएन कॉलेज में हवन में आहुति देते प्रबंधक मनोज चौहान। ● अमृत विचार



एनआर पब्लिक स्कूल में हवन में आहुति देते प्रबंधक विवेक राजपूत एवं शिक्षक व विद्यार्थी।

हाथों में लेकर विद्यालय पहुंचे जहां सरस्वती माता की प्रार्थना-पूजा कर ज्ञान और विद्या की कामना की। इस अवसर पर बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से देवी की आराधना की। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. बृजेश कुमार मिश्रा, सुमित कुमार मिश्रा, नीरज मिश्रा, संजीव चौहान, पवन शाक्य, हर्ष शर्मा, अजहर शिवानी राठौर, शिखा मिश्र, कुसुम लता, अनुराधा शाक्य, सरिता गुप्ता, पायल उपाध्याय, नंदिनी राठौर, फिजा, विनीता शाक्य, स्वाती उपाध्याय, वंदना तिवारी, मुस्कान गौतम, दीप्ति गौतम, कीर्ति गुप्ता, राखी राजपूत, रिया शर्मा, सरिता शंखवार, अजरा परवीन, प्रेम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा की लाभार्थी अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ जिला प्रभारी पूनम बजाज और हर्षवर्धन ने किया संबोधित

**अमृत विचार** : भाजपा जिला कार्यालय पर बुधवार को लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी पूनम बजाज, एटा जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने लाभार्थी संपर्क अभियान का विवरण एवं उद्देश्यों को लेकर कार्यकर्ता को संबोधित किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की।

कार्यशाला का आरंभ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। लाभार्थी लोकसभा कार्यशाला में एटा कासगंज जिलों से पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रदेश मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के लाभार्थियों से पूरे लोकसभा क्षेत्र में संपर्क करना है। एटा जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों से संपर्क कर डाटा अपडेट करना है। घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करना, पत्रक देना, गेट पर स्टीकर लगाना व लाभार्थी के मोबाइल से नंबर पर मिस कॉल करना है। लाभार्थी के फोटो सोशल मीडिया, नमो एप, सरल एप पर अपलोड करना है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने बताया कि लोकसभा लाभार्थी संपर्क कार्यशाला जनपद के 14 मंडलों में आयोजित की जाएगी, सभी मंडल अध्यक्ष अपने मंडलों में कार्यशाला कराएं। इस दौरान नवल कुलश्रेष्ठ, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संजय सोलंकी, सुरेश माहेश्वरी, कौशल साहू, उत्तम चंद्र पाथरे, संजीव चौहान, सुशील गुप्ता, अनुरोध प्रताप सिंह, संजय पुंढीर, कृष्णकांत वशिष्ठ, रविंद्र ब्रह्मचारी, रवींद्र लोधी, शरद गुप्ता, संजय दुबे, अर्चना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# तीर्थ नगरी सोरों के वराह मंदिर में उड़ा गुलाल

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी सोरोंजी में वसंत पंचमी के अवसर पर क्षेत्राधीश भगवान वराह से साथ भक्तों ने गुलाल व पुष्पों से होली खेली। इस दिन से लेकर 30 मार्च रंग पंचमी तक शूकरक्षेत्र में 40 दिवसीय होली महोत्सव आरंभ हो जाएगा। वसंत पंचमी उत्सव की शुरुआत सुबह 9 बजे से महिला भक्तो ने मंदिर में फाग गाकर की।

मंदिर सेवायत पं. नरेश त्रिगुणायत ने वराह मंदिर में वसंत पंचमी के दिन सर्वप्रथम भगवान वराह को वसंती वस्त्राभूषणों में सजाकर श्रृंगार सेवा के तहत गुलाल अर्पित किया। हुरियारे स्वरूप में दर्शन दे रहे भगवान वराह को पंच मेवा युक्त केसरिया मोहन भोग का विशेष भोग लगाया गया। वसंत पंचमी पर भगवान वराह को गेंदा, गुलाब के सुगंधित फूलों की माला धारण कराई गई। उसके बाद श्रद्धालुओं पर वराह मंदिर सेवायत नरेश त्रिगुणायत ने पिचकारी से रंग डालकर महोत्सव मनाया। पर्व



भगवान श्रीवराह के साथ होली खेलने के लिए उत्साहित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पर समूचा मंदिर विभिन्न प्रकार के सुगंधित पुष्पों, रंग-बिरंगे गुब्बारों व कपड़ों से सजाया गया और इत्र का छिड़काव किया गया। सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मंदिर के गर्भगृह से श्रद्धालुओं पर सेवादारों पर अबीर गुलाल की वर्षा की। वसंत पंचमी के दिन से ही शूकर क्षेत्र में 40 दिनों तक चलने वाला फॉग महोत्सव शुरू

▸▸ महिलाओं ने फाग गाकर धूमधाम से मनाया वसंत पंचमी महोत्सव

▸▸ 40 दिन के लिए होली महोत्सव की तीर्थ नगरी में हो गई शुरुआत

हो जाता है। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में फॉग खेलने की यह परंपरा आज भी जीवित है। 20 मार्च को रंगभरी एकादशी से 24 मार्च को पूर्णिमा तक सरस रंगीली होली का आयोजन होगा। 25 मार्च को धुलैड़ी के दिन हुरियारों की टोलियां गाजे बाजे के साथ सभी होलिका दहन स्थलों से निकलेंगी। 30 मार्च को रंग पंचमी के दिन गंगा वराह भक्त समिति के तत्वाधान में आओ खेलें गंगा वराह होली महोत्सव का आयोजन होगा।



भगवान श्रीवराह मंदिर में मंगल गीत गाती महिलाएं। ● अमृत विचार



भगवान श्रीवराह के साथ होली खेलने के लिए फूलों से सजा दरबार।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## सिम के बहाने ठगी करने वाला गिरफ्तार

एटा, अमृत विचार : पुलिस टीम ने बुधवार सुबह करीब 10 बजे एटा-मिरहची रोड पर रिद्धि धर्मकांटा के पास से सिम पोर्ट करने के बहाने ठगी करने वाले सौरव निवासी गढनपुर थाना पिलुआ को पकड़ा है। इसके खिलाफ पहले से भी दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी से एक टैबलेट, एक स्वैप मशीन (फीनो पेमेंट बैंक) एक फिंगर स्कैनर मशीन, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन, तीन ई-श्रम कार्ड, चार एटीएम कार्ड, एक एटीएम क्लोन (सफेद रंग), 28 नए सिम कार्ड और 1010 रुपये बरामद किए गए हैं। थाना पिलुआगढनपुर निवासी सौरव वोडाफोन व एयरटेल कंपनी का सिम पोर्ट करने का काम करता है। मौका मिलने पर गांव के भोलेभाले लोगों को सिम पोर्ट करने के नाम पर नया सिम देता है और उनकी सिम निकाल कर अपने पास रख लेता है। आधार कार्ड की फोटो खींच लेता है। बाद में सिम एक्टीवेट करके सिम धारक के आधार कार्ड से यूपीआई आईडी बनाकर उनके खातों से भिन्न-भिन्न स्थानों पर बने जनसेवा केंद्र से नगद निकाल लेता है।

# प्यार पर रहा पहरा फिर भी मोहब्बत का रंग हुआ गहरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ प्रेमी युगल ने वेलेंटाइन डे पर चोरी छिपे किया प्यार का इजहार

▸▸ होटल और ढाबों पर पहुंचे प्रेमी युगल व नवदंपति

अमृत विचार : जब-जब प्यार पर पहरा हुआ है तब-तब प्यार और गहरा हुआ है। फिल्म सड़क में कुमार सानू और अनुराधा पोडवाल द्वारा गाए गए इस गीत की पंक्तियों को साकार कर रहे हैं प्रेमी युगल। जिन्होंने वेलेंटाइन डे पर पहरे की दीवार को लांघकर अपने प्यार का इजहार किया और होटल ढाबों पर पहुंचकर लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया।

वेलेंटाइन वीक में शुरू से ही प्रेमी युगल ने हर दिन पर अलग आनंद लिया और जब 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे आया तो प्यार का इजहार करने वालों ने पहरे की दीवार तोड़ दी। शहर का प्रभुपार्क हो या नदरई झाल का पुल या होटल-ढाबे हर जगह प्यार के



शहर के बाजार में वेलेंटाइन डे पर बिक्री के लिए रखे फूल। ● अमृत विचार

इजहार का सिलसिला दिखाई दिया। भले ही प्रेमी युगल फोटो वीडियो से बचते रहे, लेकिन उनके दिल की बात जुबां पर जगह जगह सुनाई देती रही। नवदंपति भी वेलेंटाइन डे पर प्यार का इजहार करने के साथ ही होटल ढाबों पर पहुंचे और लजीज व्यंजन का स्वाद लिया।

**फूलों की हुई जमकर बिक्री: कासगंज।** वेलेंटाइन डे पर गुलाब के फूलों की जमकर बिक्री हुई। प्रेमी युगलों ने एक दूसरे को फूल दिए और एक दूसरे को फूलों की तरह खूबसूरत बताया। फूलों की बिक्री को लेकर दुकानदार भी उत्साहित दिखाई दिए।

### बजरंग दल ने जलाए ग्रीडिंग, किया विरोध

बजरंग दल के जिला संयोजक दीपक गुप्ता एवं अमरीश वशिष्ठ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वेलेंटाइन डे का विरोध किया। ग्रीटिंग जलाए और पश्चिमी सभ्यता के विरोध में इस दिवस को न मनाने की अपील की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भारतीय संस्कृति के लिए यह दिवस घातक है। हर हाल में ऐसे आयोजनों से बचना चाहिए।

# उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ व्यापार मंडल के जिला प्रभारी के स्वागत समारोह में बोले जिलाध्यक्ष

▸▸ व्यापारियों ने कहा हर हाल में संगठन को बनाया जाएगा मजबूत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी का कासगंज में ठंडी सड़क स्थित एक प्रतिष्ठान पर स्वागत किया गया। सबका साथ, सब का विकास और सब का प्रयास को चरितार्थ करते हुए भाजपा नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष ने भी जिला प्रभारी का स्वागत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी द्वारा रामलीला कमेटी द्वारा कासगंज में आयोजित रामलीला मंचन, एवं उसके सभी धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को भव्य, सफल और शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन





कासगंज व्यापार मंडल के जिला प्रभारी के का स्वागत समारोह में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं भाजपा नेता।

राजेंद्र कुमार बौहरे, महामंत्री और व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान में व्यापार मंडल के नव मनोनीत जिला प्रभारी दीपक गुप्ता सर्राफ को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी ओर व्यापार मंडल के जिला चेयरमैन योगेश गौड़ का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद वार्ष्णेय ने की कार्यक्रम का सफल संचालन व्यापार मंडल के जिला महामंत्री डॉक्टर फारूक ने किया। युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डॉक्टर विकास गुप्ता, जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता सर्राफ सहित विनय राज पन्नू, किशोर अग्रवाल, राहुल बिडला, अजय डांगरा, विवेक वर्मा, विपुल गर्ग, हाजी हासिम अंसारी, हाजी नईम कुरैशी, नसीम बरकी, नवेद कुरैशी सर्राफ, गुड्डू पहलवान, शमीम अहमद, अब्दुल हई एड, मोहम्मद मारूफ, मोहम्मद जुबेर, जुनेद एड, फुजेल मौजूद रहे।

## शोभायात्रा निकालने के बाद स्थापित की गई मूर्ति



कस्बे में शोभायात्रा निकालते लोग।

**नूरपुर पिनौनी।** गांव नूरपुर पिनौनी में बुधवार को विधि विधान से पूजन कर जागेश्वर बाबा की मूर्ति स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने मूर्ति स्थापना से पहले पूजा पाठ किया गया, उसके बाद बाबा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा चौराहे से होते हुए अपने स्थान पर पहुंची, इसके बाद बाबा की मूर्ति की स्थापना की गई। इस मौके पर आस पास के गांव के सैकड़ों लोगों ने बाबा के दर्शन किए। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजीव गुप्ता, कमलेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, रितेश ठाकुर, अमित गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# फरार हत्यारोपी से मुठभेड़, दारोगा और आरोपी को लगी गोली

## नशे की लत पूरी करने के लिए चार फरवरी को की थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 फरवरी को खंती में मिला था ई-रिक्शा, अगले दिन निर्माणाधीन मकान में मिला था शव

**अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी ई-रिक्शा चालक सत्यवीर उर्फ बंटू की कुछ दिनों पहले हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था जबकि दूसरा आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार देर शाम पुलिस से हुई मुठभेड़ में उसने टीम को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जबावी फायर किया। उसके पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ में एक उपनिरीक्षक भी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। चार फरवरी की दोपहर साढ़े चार बजे वह मुजरिया चौराहे से ई-रिक्शा समेत लापता हो गया था। 10 फरवरी को इस्लामनगर मार्ग पर खंती में सत्यवीर का ई-रिक्शा मिला था। अगले दिन चौराहे के पास एक निर्माणाधीन मकान में सत्यवीर का शव बरामद हुआ था। 12 फरवरी को पुलिस ने खुलासा किया था।

पुलिस के अनुसार नशेड़ी किस्म के दो युवक सहसवान कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला रुस्तम टोला निवासी इकबाल उर्फ इकबालुद्दीन पुत्र शमीमउद्दीन और कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी निवासी गौरव माहेश्वरी ने नशे के सामान की खरीदारी को रुपये के लिए हत्या की थी। पुलिस ने इकबाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसने बताया था कि साथी गौरव माहेश्वरी भी वारदात में शामिल था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बुधवार को थाना मुजरिया की प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह को मुखबिर ने सूचना दी कि गौरव माहेश्वरी खितौरा मार्ग पर वाहन का इंतजार कर रहा है। वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। आरोपी की घेराबंदी की। खुद को पुलिस से घिरता देखकर उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली उपनिरीक्षक विजय धामा को छूते हुए गुजरी। जबाव में पुलिस ने भी गोली चलाई। गौरव माहेश्वरी के पैर में गोली मार दी।

पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। सीओ कर्मवीर सिंह सीएचसी पहुंचे। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मुठभेड़ में एक उपनिरीक्षक घायल हुए हैं। फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गिया है। दोनों का इलाज चल रहा है।



घायल विजय धामा।



घायल गौरव माहेश्वरी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जानकारी करते सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह।

## वीडियो कॉफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए अब्दुल्ला आजम

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट में सुनवाई हुई। गवाह ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई होगी। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला आजम के पास दो पासपोर्ट हैं। उन्होंने इन पासपोर्ट का उपयोग किया है। पुलिस ने विवेचना के बाद धोखाधड़ी कर पासपोर्ट हासिल करने और पासपोर्ट अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाहों के बयान हुए हैं।

## आंजनेय सेवा समिति ने कराया 9 जोड़ों का सामूहिक विवाह



मंच पर बैठे परिणय सूत्र में बंधे जोड़े। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर के समीप महेश्वरी कोल्ड स्टोरेज प्रांगण में आंजनेय सेवा समिति के तत्वाधान में बैंड बाजों के साथ नौ जोड़ों का सामूहिक विवाह संस्कार किया गया। समारोह में विधि विधान से नौ कन्याओं का विवाह हुआ। विवाह, के पश्चात वर वधु को आशीर्वाद देकर सुखी जीवन की मंगल कामना की गई।

साथ ही परिणय सूत्र में बांधे लोगों को संस्था के माध्यम से दहेज में गोदरेज, एलसीडी, डबल बेड, बर्तन, पंखा, घड़ी, कपड़े, गहने देने के साथ ही परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद भी दिया। बुधवार को 10 बजे से वर वधु पक्ष के सदस्य विवाह स्थल पर एकत्रित हुए। शुभ मुहूर्त में आचार्यों के दिशा निर्देशन में पाणिग्रहण संस्कार हुआ।

प्रतिभोज के पश्चात विदाई हुई। इस मौके पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज माहेश्वरी ने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज माहेश्वरी, एसडीएम प्रेमपाल सिंह, सीओ कर्मवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार यदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वयंसेविकाओं ने कागज से बनाएं सुंदर और उपयोगी थैले

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने श्रमदान कर कौशल विकास के अंतर्गत पुरानी वस्तुओं से नई वस्तुओं का निर्माण किया। स्वयंसेविकाओं ने कागज के सुंदर और उपयोगी थैले बनाए। चार्ट पेपर पर चित्र उकेर स्वच्छता अपनाने के संदेश भी दिए। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. स्मिता जैन ने स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने छात्राओं को मतदाता जागरुकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि महात्मा गांधी ने धरातल से जुड़कर भारत के आमजन की सेवा में खुद को सौंप दिया, वहीं सेवा भाव हर एक के मन में होना चाहिए। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना ने छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक होने तथा अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी।

# जिले में कई जगह दिया आपदाओं से बचाने का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर चल रहे बेसिक स्काउट मास्टर बेसिक गाइड कैप्टन और प्रदेश स्तरीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने के साथ प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी गई।

संस्था के जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार और घनश्याम भारद्वाज ने प्राथमिक चिकित्सा मरीज को ले जाने, घायलों की सहायता करने, पट्टी बांधने, डूबते हुओं को बचाने आदि का प्रशिक्षण दिया। वही बेसिक स्काउट मास्टर, बेसिक गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को एलओसी वंदना श्रीवास्तव, ट्रेनर लक्ष्मी सिंह और मोहित कुमार ने बीपी सिक्स, निरीक्षण, ध्वज शिष्टाचार, टोली विधि, मानसभा की बैठक, दल कंपनी की बैठक, प्रगतिशील प्रशिक्षण, खोज के चिन्ह, सिटी के संकेत, हाथ के संकेत, प्रथम सोपान की गांठ, खेल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर नंदराम शाक्य, मुकेश बाबू शर्मा, मनोज कुमार सिंह, मनीष कुमार, मधु, रजनी कुमारी, सौम्या शर्मा, सुनीता आदि मौजूद रही।



बचाव का प्रशिक्षण देते एनडीआरएफ के जवान।

**बिसौली ।** तहसील के सभागार में एनडीआरएफ गाजियाबाद की 8वीं वाहिनी की टीम ने प्राकृतिक आपदाओं व हृदय रोग आदि के प्राथमिक उपचार की प्रयोगात्मक जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने टीम के सदस्यों द्वारा दर्शाए गए सभी उपायों को बारीकी से देखा।

बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एनडीआरएफ के कमांडर पंकज जोशी के नेतृत्व में जवानों ने भूकंप, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के वक्त बरती जाने वाली सावधानियों तथा बचाव में काम आने वाले उपकरणों की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में हृदयाघात के वक्त मरीज के प्राथमिक उपचार के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा टीम ने दुर्घटनाओं में घायल लोगों की ब्लीडिंग रोकने और अग्निकांड में झुलसे लोगों के प्राथमिक उपचार व बचाव की विस्तार से जानकारियां दीं। शिविर में एसडीएम कल्पना जायसवाल, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार सृजन कुमार यादव, जहीर आलम, यशपाल सिंह, संदीप कुमार, शोभित, मोहित शर्मा, मारूफ अली, अब्दुल फराज, आदित्य आदि मौजूद रहे।



प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी देते एनडीआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

### एनडीआरएफ ने दिया आपदाओं से बचाव का प्रशिक्षण



**बिल्सी।** तहसील सभागार में एनडीआरएफ आठवीं वाहिनी गाजियाबाद की टीम द्वारा यहां तहसील के सभी कर्मियों को आपदाओं से बचाव के तरीकों का प्रदर्शन कर इसका विस्तार से प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की टीम में कमांडर पंकज जोशी ने बताया कि बाढ़ के समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। कहा कि आपदा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को आपदा के बारे में जागरूक होना चाहिए। उन्होंने भूकंप के दौरान राहत कार्य में आने वाले उपकरणों के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में कई अत्याधुनिक उपकरणों से मलबे में दबे जीवित व्यक्ति का आसानी से पता लगाकर उसे बचाया जा सकता है। आपदा के दौरान घायलों की मदद व उपचार के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने हार्ट अटैक के दौरान लोगों को क्या करना चाहिए। जिससे जान बचाई जाए। टीम के सदस्यों ने आपदा प्रबंधन व जागरूक करते हुए बाढ़, अग्निकांड, भूकंप, सर्पदंश, शॉर्ट सर्किट, पानी में डूबने, हार्टअटैक, बाढ़ के दौरान होने वाली परेशानियों व घरेलू उपचार की जानकारी दी गई। टीम के सदस्य गौरव पाटिल, प्रदीप कुमार, मुनेश कुमार, रवि कुमार, प्रशांत, मोहन बाबू, लेखपाल विजेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ रहा जनाधार, कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज एवं बिल्सी में भाजपा की ओर से मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को उझानी नगर पालिका प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। विधायक हरीश शाक्य ने कहा भाजपा सबका साथ- सबका विकास,- सबका विश्वास- सबका प्रयास के आधार पर कार्य कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इससे स्पष्ट होता है 2024 में मोदी सरकार की हैट्रिक लगना तय हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, चेयरमैन जगदीश लौनिया, ओमप्रकाश सागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दातागंज में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, विधायक राजीव कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह ने महावीर सिंह प्रधान, अतेंद्र सिंह प्रधान, कैलाश सिंह पूर्व प्रधान, राजू ठेकेदार, विजेंद्र पाल, वीरपाल सिंह, अवनीश कुमार, सुखवीर सिंह, महेंद्र सिंह, फ़िरोज, अजय पाल, सुरेंन्द्र यादव, रजनीश गौतम, धीरपाल सहित बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।



कार्यक्रम में महिला को योजना के लाभ का प्रमाणपत्र देते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा।

### प्रधानों, सभासदों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**बदायूं।** भाजपा कैंप कार्यालय पर विधानसभा मिलन समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें विधानसभा क्षेत्र बदायूं के दर्जनों ग्राम पंचायतों के प्रधान, पूर्व प्रधान एवं कई सभासद ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने लोगों को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पार्टी का पटका व टोपी लगाकर स्वागत किया। सदर विधायक ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास संभव है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश बुलंदियों को छू रहा है। पूरी दुनिया मे भारत का मान बड़ा है। इस अवसर पर सोवरन सिंह राजपूत, सुधीर श्रीवास्तव, विश्वजीत गुप्ता, अंकित मौर्य, जितेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

## बरा मालदेव में केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया रात्रि प्रवास

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के अंतर्गत प्रवास कार्यक्रम में मंगलवार रात केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने उझानी के बरामालदेव गांव में रात्रि प्रवास किया। जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने बूथ समिति की बैठक की, साथ में महिलाओं व युवाओं, किसानों से संपर्क कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा गांव-गांव में लोगों को मुफ्त राशन, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना और पीएम आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार गरीब कल्याण के कार्यों के साथ विकास कर रही है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने दिगंबर जैन मंदिर का किया भ्रमण



**बदायूं।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एकदिवसीय ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने बरेली के रामनगर स्थित श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर और किला का भ्रमण किया। बुधवार को सुबह के समय शैक्षिक भ्रमण को गए बच्चों के वाहन को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण के लिए 200 बच्चों को ले जाया गया। भ्रमण के समय कार्यक्रम के प्रभारी बीईओ डॉ अमुल कुमार कुमार ने बच्चों को जैन धर्म की जानकारी बच्चों को दी। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ शिक्षक कामेंद्र शर्मा, कुंवर सेन, जुगल किशोर, विवेक द्विवेदी, प्रवीण कुमार संजय सिंह, उपासना सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### टेबल टेनिस में साक्षी और कैरम के चैंपियन बने प्रशांत



**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को टेबल टेनिस और कैरम प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए। छात्र वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पारस यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में साक्षी यादव ने चैंपियनशिप अपने नाम की। छात्रों की कैरम प्रतियोगिता में प्रशांत श्रीवास्तव विजेता तथा आयुष प्रताप उप विजेता बने। निर्णायक की भूमिका डॉ सरिता यादव एवं डॉ गौरव कुमार सिंह ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में डॉ अनिल कुमार, डॉ सचिन राघव, डॉ संजय कुमार एवं डॉ सतीश यादव सक्रिय रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने मेडल पहना कर प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ नीरज कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ सारिका शर्मा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### धूम धाम से मनाई गौर निताई की 37वीं वर्षगांठ



**बदायूं।** शहर के विरबाबाड़ी मंदिर में चल रहा श्री श्री गौर निताई जी के 37वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चल रहे उत्सव के अंतिम दिन बुधवार को धूमधाम से ठाकुर जी की वर्षगांठ मनाई गई। सर्वप्रथम ठाकुर जी का दुग्ध अभिषेक हुआ उसके बाद फूलों की होली खेली गई। भक्तों ने ताली बजाकर नृत्य कर कीर्तन किया। तत्पश्चात दधि मंगल, आरती एवं प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर श्री श्री गौर निताई संकीर्तन ट्रस्ट के अध्यक्ष महाराज पंकज एवं अन्य सदस्य अरुण, विजय श्याम, शरद, उपेंद्र, आशीष, नरेंद्र, पवन, अभिषेक, अजय, गौरांग, अक्षत, आदि मौजूद रहे।

# कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा होमगार्ड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एंटी करप्शन ने रंगे हाथों दबोचा, दोनों के खिलाफ एफआईआर
- होमगार्ड की निलंबित ड्यूटी बहाल करने को मांगे थे 30 हजार

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बुधवार को होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सेटेलाइट चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक होमगार्ड की निलंबित की गई ड्यूटी बहाल करने के लिए गौरव जिला कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा था। थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में होमगार्ड गौरव के साथ जिला कमांडेंट को भी नामजद किया गया है।

एफआईआर एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर आनंद कुमार वर्मा की ओर से दर्ज कराई गई है। इसके मुताबिक आंवला के गांव आजमपुर निवासी सतीश चंद्र वर्मा ने 10 फरवरी को कार्यालय आकर शिकायत की थी कि वह होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। उनका 27 जनवरी को जमीन को लेकर भाई जगदीश से विवाद हो गया था। उन पर उनके पिता ने एनसीआर दर्ज करा दी थी। आंवला पुलिस की ओर से 30 जनवरी को इसकी रिपोर्ट भेजने के बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक के लिए उनकी ड्यूटी निलंबित कर दी थी।

सतीश के मुताबिक नौ फरवरी को वह जिला कमांडेंट को स्पष्टीकरण देने पहुंचे थे। कमांडेंट ने उन्हें अपना पत्र होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को देकर बात करने को कहा। गौरव ने उन्हें बताया कि साहब ने ड्यूटी बहाल करने के लिए 30 हजार रुपये मांगे हैं। इसमें 10 हजार उन्हें अभी देने होंगे और बाकी 20 हजार दो-चार दिन के अंदर।

## लोगों ने नहीं किया था पथराव, खुद उन्हीं पर चली थीं ईंटें

**बरेली, अमृत विचार :** अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल ने आरोप लगाया है कि शहामतगंज में मौलाना तौकीर रजा के प्रदर्शन से लौट रहे लोगों ने पथराव नहीं किया था बल्कि शरारती तत्वों ने उन पर पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक करे तो पूरा खुलासा हो जाएगा। यह भी आरोप लगाया है कि व्यापार मंडल के नाम पर संदिग्ध नफरत फैलाकर माहौल गरमाने की कोशिश कर रहे हैं। अंजुमन की बुधवार को हुई एक बैठक में सचिव शान रजा ने कहा कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने मस्जिदों और मदरसों पर हो रहे हमलों, मस्जिदों को मंदिरों में बदलने की कोशिशों के खिलाफ गिरफ्तारी देने का एलान किया था। यह कार्यक्रम संवैधानिक दायरे में होना था लेकिन पुलिस-प्रशासन ने तौकीर रजा को बिहारीपुर पुलिस चौकी पर ही रोक दिया। मौलाना ने अपना विरोध दर्ज कराने के बाद लोगों से बिना किसी शोरशराबे के घर लौटने को कहा था।

# मास्टर माइंड मलिक समेत फरार सभी 9 दंगाइयों की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दंगे की रात ही बेटे समेत फरार हो गया था अब्दुल मलिक
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश से दिल्ली हरियाणा तक हो रही तलाश

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के फरार मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस अब फरार सभी आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। इस घटना में अब्दुल मलिक का बेटा भी नामजद है।

दोनों दंगे की रात से ही शहर छोड़कर फरार हो गए थे। सभी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक दबिशें दे रही है। बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल को ढहाने के लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही पथराव शुरू हो गया और करीब साढ़े 4 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान लगातार दंगाइयों ने पथराव किया। टीम ने निकलने का प्रयास किया तो सरकारी वाहनों में आग लगा दी गई और कर्मियों को घेर पथराव व जलते टायर फेंके गए। इस मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 18 लोगों को नामजद किया था। नामजदों में नौ लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, जिसमें मलिक और उसका बेटा भी शामिल है। दोनों घटना की रात से फरार हैं। पुलिस फरार शकील अंसारी, वसीम उर्फ हप्पा, मौकिन सैफी, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू की तलाश भी कर रही है। कोर्ट से इन सभी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश मिल चुके हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 टीमों को लगाया गया है। एक टीम अब्दुल मलिक और उसके बेटे के पीछे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने पड़ोसी जिले और राज्यों की पुलिस से संपर्क किया है। फरार आरोपियों की फोटो और अन्य डिटेल भी विभिन्न राज्यों की पुलिस से साझा किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इन सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने फरार आरोपियों की संपत्ति का आंकलन शुरू कर दिया है। जल्द ही कुर्की की कार्रवाई भी शुरू कर दी जाएगी। डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ पहले से ही एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया गया है। अब कुर्की की कार्रवाई के आदेश भी न्यायालय से मिल चुके हैं। जल्द ही फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। वहीं, फरार सभी नौ आरोपियों में जितने लोगों के भी पासपोर्ट हैं, पुलिस सभी को जब्त करने जा रही है। इसके अलावा वह धन बल के दम पर फरार न हो सकें तो उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की तैयारी की जा रही है।

